PRINT

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition : Narwana (Haryana) | Circulation: 68163 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 09.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

## संक्षिप्त समाचार

# गुरजीत सिंह ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में जीते पांच पदक

**संसू, जागरण • नरवाना :** अमेरिका के बर्मिंघम में 28 जून से सात जुलाई तक वर्ल्ड पुलिस गेम्स आयोजित किए गए। जिसमें गांव पीपलथा के गुरजीत सिंह ने पांच पदक जीते हैं। गुरजीत सिंह फिलहाल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में दिल्ली में हवलदार के पद पर कार्यरत है। गुरजीत सिंह के चाचा मास्टर लखबीर सिंह ने बताया कि गुरजीत सिंह ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में हिस्सा लिया था। जिसमें उसने अलग-अलग स्पर्धाओं में भाग लेते हुए पांच पदक जीते हैं। हाई जंप में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में रजत पदक, हैमर में कांस्य पदक, डेकाथलान में कांस्य पदक, शूटिंग में कांस्य पदक जीता है। गुरजीत ने पिछले वर्ष भी फ्रांस में



गांव पीपलथा का गुरजीत सिंह जीते हुए पदक के साथ। • सौ. स्वजन

आयोजित गेम्स में पदक जीता था। इससे पहले इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। अंडर 16 में गुरजीत ने हाई जंप में वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था।